पत्रांक–भवन / स्था0–02ए–विविध–01 / 2026 5389(अ) अनु

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता(विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना दिनांक– 12/06/26

विषयः– **बिहार राज्य में अगामी 05 वर्षों (2025–30) की अवधि में कुल (01) एक करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन के प्रस्तावित लक्ष्य प्राप्ति के क्रम में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का पत्रांक–90 दिनांक–20.01.2026, ज्ञापांक–241 दिनांक 24.02.2026, पत्रांक–347 दिनांक–20.04.2026 तथा विभागीय पत्रांक–878 दिनांक–27.01.2026, पत्रांक–1218 दिनांक–05.02.2026, पत्रांक–1662 दिनांक–16.02.2026, पत्रांक–2214 दिनांक–06.03.2026 एवं पत्रांक–4021 दिनांक–05.05.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि राज्य सरकार के 'सात निश्चय–3' के तहत 'दोगुना रोजगार–दोगुनी आय' अंतर्गत आगामी 05 वर्षों (2025–30) में 01 करोड़ नौकरी / रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी विभागों द्वारा नौकरी एवं रोजगार संबंधी (क्रियान्वित योजनाओं में संलग्न पदाधिकारी / कर्मी / मजदूर आदि) विभागवार एवं जिलावार आंकड़ों का संकलन कर नव–निर्मित पोर्टल पर अपलोड युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गए विहित प्रपत्र में प्रत्येक माह अद्यतन किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि आपके प्रमंडल में क्रियान्वित योजनाओं में सलग्न पदाधिकारी/कर्मी/मजदूरों से संबंधित **माह–जून, 2026 का प्रतिवेदन दिनांक–22.06.2026** तक उपलब्ध कराए। साथ ही निम्नांकित का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएः–

1. **संलग्न प्रपत्र के प्रारूप में कोई बदलाव न किया जाए, सूचना यथावत उसी प्रपत्र में ही दी जाए।**
2. **भविष्य में प्रत्येक माह का प्रतिवेदन संबंधित माह के अंतिम सोमवार (अथवा अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस) तक उपलब्ध कराया जाए।**

कृपया इसे प्राथमिकता दी जाए।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

(हस्ताक्षर) 12.06.26

(अवधेश नंदन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव–
सह–नोडल पदाधिकारी।

D drive/shivamsection 2A/Letter Draft sec 2A

बिहार सरकार
विभाग का नाम–

प्रपत्र–II

## प्रतिवेदित माह में किए गए रोजगार सृजन संबंधी प्रतिवेदन

प्रमंडल का नाम:–......................................... माह:–......................

| क्र० स० | योजना/कार्यक्रम | प्रक्षेत्र का नाम (Name of Sector) | पुरूष | | | | | | महिला | | | | | | ट्रांसजेंडर | सकल कुल | सकल कुल में दिव्यांगजन | | | सकल कुल में अल्पसंख्यक | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Gen | SC | ST | BC | EBC | कुल | Gen | SC | ST | BC | EBC | कुल | | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | कुल | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

पदाधिकारी का हस्ताक्षर।